**C 33272** (Pages : 3) Name..................................

Reg. No..................................

**FIRST SEMESTER B.A./B.Sc. DEGREE EXAMINATION, NOVEMBER 2017**

(CUCBCSS–UG)

Common Course—Hindi

A 07 (01)—PROSE AND DRAMA

(2016 Admission onwards)

Time : Three Hours Maximum : 80 Marks

I. वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए (प्रश्न संख्या 1 से तक 10 के सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं ।) :

(क) कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 'बिना दीवारों के घर' का रचनाकार कौन है ?

(उषा प्रियंवदा, मन्नू भंडारी, कृष्णा सोबती, मोहन राकेश)

2 'मैं नरक से बोल रहा हूँ' गद्य की किस विधा की रचना है ?

(जीवनी, आत्मकथा, व्यंग्य, यात्रा वृत्तांत)

3 प्रेमचंद के बचपन का क्या नाम है ?

(गुलाबराय, नवाबराय, धनपतराय, विनोद राय)

4 'बिना दीवारों के घर' का नायक कौन है ?

(जयंत, संपत्तलाल, बंसी, अजित)

5 दिनकर किसे ईर्ष्या की बेटी मानते हैं ?

(करूणा, निंदा, क्रोध, घृणा)

(ख) एक-एक शब्द में उत्तर लिखिए :

6 'वापसी' किसकी लिखी कहानी है ?

7 विवेकानंद के गुरू कौन थे ?

8 शोभा के पति का क्या नाम है ?

**Turn over**

9 'मित्रता' निबंध का रचनाकार कौन है ?

10 "सारी चीजें घर की है और घर की हर चीज़ ठिकाने पर है या नहीं, यह देखना औरत का काम है ।"—यह प्रसंग किस रचना का है ?

(10 × 1 = 10 marks)

II. किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :

11 गजाधर बाबूने घर के नौकर को क्यों छुडा दिया ?

12 शुक्लजी क्यों युवाओं की तुलना कच्ची मिट्टी से करते हैं ?

13 ईश्या का अनोखा वरदान कौन-सा है ?

14 "जब एक बार मनुष्य अपना पैर कीचड में डाल देता है तब फिर यह नहीं देखता कि वह कहाँ और कैसी जगह पैर रखते हैं ।"—इस प्रसंग का मतलब क्या है ?

15 मैं नरक से बोल रहा हूँ का लेखक क्यों मरकर बोलने का निश्चय कर लेता है ?

16 प्रेमचंद के किन्हीं चार उपन्यासों के नाम लिखिए ।

17 "अनपढ़ भारतीय, निर्धन भारतीय, ऊँची जाति का भारतीय, नीची जाति का भारतीय सब मेरे भाई है ।"—यह कथन किसका है ? यह प्रसंग किस रचना से उद्धृत है ?

18 "घर का काम ठीक समय पर नहीं होता, मैं जिम्मेदार तुम अपना काम नहीं करते मैं जिम्मेदार । ये पंक्तियाँ किस रचना की है ? इसका रचनाकार कौन है ?

19 सेठ संपत्तलाल किस उद्देश्य से शोभा के पास आता है ?

20 एक बार में तुम्हारे कालेज आकर देखना चाहता हूँ कि तुम लडकियों को संभालती हो ।—यह प्रसंग कौन किससे कहता है ?

21 आदमी को उतना ही बढना चाहिए, जितनी उसकी औकात हो ।"—यह वाक्या कौन किससे कहता है ?

22 "मैं खुद जानती हूँ कि जब घर बसाया है, बच्चे को जन्म दिया है तो मेरा पहला कर्तव्य उनके प्रति ही है ।"—यह प्रसंग किस रचना का है ? यह वाक्य कौन कह रही है ?

(10 × 2 = 20 marks)

III. किन्हीं **चार** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

23 कुसंग का ज्वार सबसे भयानक होता है । यह केवल नीति और सद्बुद्धि नाश नहीं करता, बल्कि बुद्धि का क्षय करता है ।

24 तुम्हें किस बात की कमी है अमर की माँ-घर में बहू है, लडके-बच्चे हैं, सिर्फ रुपए से ही आदमी अमीर नहीं होता ।

25 मूर्ख ! तेरा कुत्ता तुझसे ज्यादा समझदार है । वह घुस गया, खाया और डंडे की मार से भरकर यहाँ आ गया ।

26 सच कहता हूँ, यहाँ आते समय मुझे कभी लगता ही नहीं कि मैं किसी दूसरे के घर जा रहा हूँ ।

27 मैंने तो यही तय किया है कि मैं यह काम छोड दूंगी । अपने घर की सुख और शांतियों नष्ट नहीं होने दूंगी ।

28 प्रस्ताव अपने आप तो चलकर आया नहीं होगा । तुम चाहे न बताओ, पर मैं जानता हूँ कि जयंत के सिवा और कोई ला नहीं सकता ।

(4 × 5 = 20 marks)

IV. किन्हीं **दो** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए :

29 'ईर्ष्या तू न गयी मेरे मन से' निबंध का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

30 'बिना दीवारों के घर' नाटक में चित्रित वर्तमान समस्याओं का उल्लेख कीजिए ।

31 स्वामी विवेकानंद के चरित्र एवं दार्शनिक चिंतन पर विचार कीजिए ।

(2 × 15 = 30 marks)